# CBSE Class 12 Economics Important Questions Chapter 6 प्रतिस्पर्धारहित बाज़ार

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
एकाधिकार में विक्रेताओं की संख्या कितनी होती है?
उत्तर:
एक।

प्रश्न 2.
किस प्रकार के बाजार में प्रतियोगिता का अभाव पाया जाता है?
उत्तर:
एकाधिकार में।

प्रश्न 3.
अल्पाधिकार को परिभाषित कीजिए।
उत्तर:
जब सजातीय वस्तु के उत्पादक फर्म की संख्या अल्प हो तो यह अल्पाधिकार की स्थिति होगी।

प्रश्न 4.
किस बाजार में फर्म के औसत आगम (AR) और सीमान्त आगम (MR) सदैव
बराबर होते
उत्तर:
पूर्ण प्रतियोगिता में।

प्रश्न 5.
किस बाजार में फर्म कीमत को प्रभावित नहीं कर सकती है?
उत्तर:
पूर्ण प्रतियोगिता में।

प्रश्न 6.
विभेदीकृत उत्पाद से क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
जब उत्पाद समान न होकर निकट स्थानापन्न

प्रश्न 7.
अल्पाधिकार की एक विशेषता बताइये।
उत्तर:

उत्पादक एवं विक्रेताओं की संख्या कम होती

प्रश्न 8.
एकाधिकार से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
जब बाजार में वस्तु का एकमात्र विक्रेता तथा उत्पादक हो।

प्रश्न 9.
बाजार के किस रूप में फर्म कीमत स्वीकारक होती है?
उत्तर:
पूर्ण प्रतियोगिता में।

प्रश्न 10.
वस्तु विभेद कौन से बाजार की विशेषता
उत्तर:
एकाधिकारी प्रतिस्पर्धा बाजार की।

प्रश्न 11.
जिस बाजार में बहुत अधिक क्रेता एवं विक्रेता होते हैं तथा सभी विक्रेता समान वस्तु का विक्रय करते हैं, वह क्या कहलाता है?
उत्तर:
पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार।

प्रश्न 12.
जब बाजार में पूर्ण प्रतिस्पर्धा की सभी विशेषताएँ पाई जाएँ, किन्तु क्रेता एवं विक्रेताओं को बाजार की पूर्ण जानकारी न हो, तो उसे माना जाएगा?
उत्तर:
जोखिम का अर्थशास्त्र।

प्रश्न 13.
एकाधिकार के अन्तर्गत बाजार माँग वक्र किस वक्र के समान होता है?
उत्तर:
औसत संप्राप्ति वक्र के।

प्रश्न 14.
जब कुल संप्राप्ति में वृद्धि होती है, तब सीमान्त संप्राप्ति कैसी होती है?
उत्तर:
धनात्मक।

प्रश्न 15.
जिस बिन्दु पर कुल संप्राप्ति अधिकतम होती है, उस बिन्दु पर सीमान्त संप्राप्ति का मूल्य कितना होता है?
उत्तर:
शून्य।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 16.
जब कुल संप्राप्ति गिरती है तब सीमान्त संप्राप्ति कैसी होती है?
उत्तर:
ऋणात्मक।

प्रश्न 17.
द्वि - अधिकार में बाजार में कितने विक्रेता होते हैं?
उत्तर:
दो विक्रेता।

प्रश्न 18.
एकाधिकारी कीमत एवं विक्रय मात्रा में - से किसे निर्धारित करता है?
उत्तर:
दोनों में से किसी एक को निर्धारित कर सकता है।

प्रश्न 19.
एक एकाधिकारी फर्म की कीमत किस कारक पर निर्भर करती है?
उत्तर:
एक एकाधिकारी फर्म की कीमत वस्तु की बिक्री की मात्रा पर निर्भर करती है।

प्रश्न 20,
औसत संप्राप्ति ज्ञात करने का सूत्र लिखिए।
उत्तर:

$$\text{औसत संप्राप्ति} = \frac{\text{कुल संप्राप्ति}}{\text{बाजार में बेची जाने वाली मात्रा}}$$

प्रश्न 21.
सीमान्त संप्राप्ति किसे कहते हैं?
उत्तर:
एक अतिरिक्त इकाई की बिक्री से कुल संप्राप्ति में परिवर्तन को सीमान्त संप्राप्ति कहते हैं।

प्रश्न 22.
जब सीमान्त संप्राप्ति धनात्मक होती है, तब माँग की कीमत लोच कैसी होती है?
उत्तर:
माँग की कीमत लोच इकाई से अधिक होती

प्रश्न 23.
जब सीमान्त संप्राप्ति ऋणात्मक होती है तब माँग की कीमत लोच कैसी होती है?
उत्तर:
मांग की कीमत लोच इकाई से कम होती

लघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
अल्पाधिकार बाजार की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
उत्तर:

1. अल्पाधिकार में विक्रेताओं की संख्या काफी कम होती है।
2. अल्पाधिकार में बाजार के माँग वक्र का स्वरूप निश्चित नहीं होता है।

प्रश्न 2.
औसत संप्राप्ति एवं सीमान्त संप्राप्ति में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
कुल संप्राप्ति में बाजार में बेची गई मात्रा का भाग देकर औसत संप्राप्ति ज्ञात की जाती है जबकि सीमान्त संप्राप्ति एक अतिरिक्त इकाई की बिक्री से कुल संप्राप्ति में होने वाला परिवर्तन है।

प्रश्न 3.
दी गई सारणी में बेची गई मात्रा, कीमत एवं कुल सम्प्राप्ति के आधार पर औसत सम्प्राप्ति एवं सीमान्त सम्प्राप्ति की गणना कीजिए

| बेचीग | कीमत | औसत | सीमान्त मात्रा | सम्प्राप्ति | सम्प्राप्ति | सम्प्राप्त |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 9 | | - | | |
| 2 | 8 | 16 | | | | |

उत्तर:

| बेचीग | कीमत | औसत | सीमान्त मात्रा | सम्प्राप्ति | सम्प्राप्ति | सम्प्राप्त |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 9 | 9 | - | | |
| 2 | 8 | 16 | 18 | | | |

प्रश्न 4.
एकाधिकार की परिभाषा दीजिए।
अथवा
एकाधिकार बाजार से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
एकाधिकार बाजार की वह दशा है जिसमें वस्तु का एक ही विक्रेता अथवा उत्पादक होता है तथा बाजार में कोई निकट स्थानापन्न वस्तु नहीं पाई जाती है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 5.
एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता क्या है?
अथवा
एकाधिकृत प्रतियोगिता को समझाइए।
उत्तर:
एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता बाजार की वह दशा होती है जिसमें बाजार में बहुत से विक्रेता एवं क्रेता होते हैं तथा विक्रेता बाजार में निकट स्थानापन्न वस्तुओं का विक्रय करते हैं।

प्रश्न 6.
एकाधिकार बाजार की दो प्रमुख विशेषताएँ बताइये।
उत्तर:

1. वस्तु का अकेला विक्रेता व उत्पादक होता है।
2. बाजार में वस्तु का कोई निकट स्थानापन्न नहीं होता है।

प्रश्न 7.
लाभ अधिकतम करने की शर्ते क्या हैं?
उत्तर:

1. सीमान्त लागत = सीमान्त आगम
2. संतुलन बिन्दु पर सीमान्त लागत रेखा सीमान्त आगम रेखा को नीचे से काटती हई बढ़े।

प्रश्न 8.
ऋणात्मक प्रवणता वाले सरल रेखीय माँग वक्र की स्थिति में कुल संप्राप्ति वक्र
का आकार कैसा होता है?
उत्तर:
ऋणात्मक प्रवणता वाले सरल रेखीय माँग वक्र की स्थिति में कुल संप्राप्ति वक्र प्रतिलोमित उर्ध्वाधर परवलय के रूप में होता है।

प्रश्न 9.
अल्पाधिकार किसे कहते हैं?
उत्तर:
वस्तु बाजार में अल्पाधिकार की स्थिति तब होती है, जब सजातीय वस्तु के उत्पादक फर्मों की संख्या अल्प होती है।

प्रश्न 10.
एकाधिकार बाजार के कोई दो दोष बताइए।
उत्तर:

1. एकाधिकार बाजार में उपभोक्ताओं का शोषण होता है।
2. एकाधिकार बाजार में भी प्रतियोगिता का भय बना रहता है।

प्रश्न 11.
पूर्ण प्रतिस्पर्धा एवं एकाधिकार में कोई एक अन्तर बताइए।
उत्तर:
पूर्ण प्रतिस्पर्धा में फर्मों की संख्या अत्यधिक होती है जबकि एकाधिकार बाजार में फर्म अथवा विक्रेता केवल एक होता है।

प्रश्न 12.
अल्पाधिकार एवं एकाधिकार में कोई एक अन्तर बताइए।
उत्तर:
अल्पाधिकार में बाजार में कुछ विक्रेता होते हैं जबकि एकाधिकार में बाजार में मात्र एक ही विक्रेता होता है।

प्रश्न 13.
एकाधिकारात्मक प्रतिस्पर्धा एवं अल्पाधिकार में कोई एक अन्तर बताइए।
उत्तर:
एकाधिकारात्मक प्रतिस्पर्धा में बड़ी संख्या में विक्रेता होते हैं जबकि अल्पाधिकार में विक्रेताओं की संख्या कम होती है।

प्रश्न 14.
एकाधिकार तथा द्वि-अधिकार में कोई एक अन्तर बताइए।
उत्तर:
एकाधिकार में वस्तु का केवल एक उत्पादक अथवा विक्रेता होता है जबकि द्वि-अधिकार में वस्तु के दो उत्पादक एवं विक्रेता होते हैं।

प्रश्न 15.
बाजार की कोई दो विशेषताएँ बताइए।
उत्तर:

1. बाजार हेतु क्रेताओं एवं विक्रेताओं में किसी भी माध्यम से सम्पर्क होना चाहिए।
2. बाजार में वस्तु, सेवा व साधनों का क्रयविक्रय होता है।

प्रश्न 16.
विशुद्ध प्रतियोगिता की कोई दो विशेषताएँ बताइए।
उत्तर:

1. स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाले क्रेताओं एवं विक्रेताओं की अत्यधिक संख्या।
2. उद्योग में फर्मों का प्रवेश एवं बहिर्गमन पूर्णतया स्वतंत्र।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 17.
कीमत विभेद किसे कहते हैं?
उत्तर:
एकाधिकार बाजार में जब विक्रेता अपनी एक ही वस्तु की विभिन्न इकाइयों को भिन्न-भिन्न क्रेताओं को अलग-अलग कीमतों पर बेचता है तो उसे कीमत विभेद कहते हैं।

प्रश्न 18.
एकाधिकार को परिभाषित कीजिए। एकाधिकारी की कोई तीन शर्ते समझाइए।
उत्तर:
एकाधिकार - एकाधिकार बाजार की वह दशा है जिसमें वस्तु का एक ही विक्रेता अथवा उत्पादक होता है तथा बाजार में कोई निकट स्थानापन्न वस्तु नहीं पाई जाती है।
एकाधिकारी की तीन शर्ते:

1. वस्तु का एकमात्र विक्रेता अथवा उत्पादक
2. निकट स्थानापन्न वस्तु का अभाव
3. दीर्घकाल में असामान्य लाभ की प्राप्ति।

प्रश्न 19.
उन विशेषताओं को बताइए जो एकाधिकृत प्रतियोगिता को पूर्ण प्रतियोगिता से अलग करती हैं।
उत्तर:

1. एकाधिकृत प्रतियोगिता में पूर्ण प्रतियोगिता की अपेक्षा विक्रेताओं की संख्या कम होती है।
2. एकाधिकृत प्रतियोगिता में वस्तु विभेद पाया जाता है।
3. एकाधिकृत बाजार में गैर कीमत प्रतिस्पर्धा पाई जाती है।
4. एकाधिकृत प्रतियोगिता में विक्रय एवं विज्ञापन लागतें पाई जाती हैं।

प्रश्न 20.
एकाधिकार बाजार की प्रमुख विशेषताएँ बताइये।
उत्तर:

1. वस्तु का एकमात्र विक्रेता अथवा उत्पादक।
2. बाजार में वस्तु का कोई निकट स्थानापन्न का अभाव पाया जाता है।
3. इसमें फर्म ही उद्योग होता है।
4. कीमत विभेद पाया जाता है।
5. दीर्घकाल में असामान्य लाभ प्राप्त होता है।
6. एकाधिकारी का कीमत अथवा पूर्ति पर नियंत्रण होता है।
7. अन्य फर्मों के प्रवेश पर प्रतिबन्ध होता है।

प्रश्न 21.
एकाधिकार और एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता में भेद के दो बिन्दु समझाइए।
उत्तर:

| एकाधिकार | एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता |
|---|---|
| 1. इसमें वस्तु का केवल एक ही विक्रेता अथवा उत्पादक विक्रे ता अथवा होता है। | 1. इसमें वस्तु के अनेक उत्पादक होते हैं। |
| 2. एकाधिकार में वस्तु की कोई निकट स्थानापन्न वस्तु प्रतियोगिता में बाजार बाजार में नहीं होती है। | 2. एकाधिकारात्मक में अनेक निकट स्थानापन्न वस्तुएँ उपलब्ध रहती है। |

प्रश्न 22.
एकाधिकारी अथवा अपूर्ण प्रतियोगिता की कोई चार विशेषताएँ बताइये।
उत्तर:

1. बाजार में अनेक क्रेता एवं विक्रेता उपस्थित रहते हैं।
2. बाजार में प्रत्येक विक्रेता एवं विभेदीकृत वस्तु का उत्पादन करता है।
3. अपूर्ण प्रतियोगिता में विक्रय तथा विज्ञापन लागतें पाई जाती हैं।
4. समूह में फर्मों को प्रवेश एवं बहिर्गमन की स्वतंत्रता होती है।

प्रश्न 23.
अल्पाधिकार बाजार में फर्मों की संख्या कम क्यों होती है? स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
अल्पाधिकार बाजार में फर्मों की संख्या कम होने के कारण फर्मों का आकार बहुत बड़ा होता है तथा बाजार में नई फर्मों के प्रवेश पर भी कई प्रकार के प्रतिबन्ध होते हैं अतः अल्पाधिकार बाजार में फर्मों की संख्या कम होती है।

प्रश्न 24.
एकाधिकार क्या है? एकाधिकारी फर्म के माँग वक्र की प्रकृति की संक्षेप में व्याख्या करें।
उत्तर:
एकाधिकार बाजार की वह स्थिति है जिसमें वस्तु का केवल एक ही विक्रेता अथवा उत्पादक होता है। एकाधिकारी फर्म का माँग वक्र नीचे की ओर ढाल वाला अर्थात् ऋणात्मक ढाल वाला वक्र होता है।

https://www.evidyarthi.in/